# प्रो केसी सिन्हा बने द इंडियन मैथमेटिक्स एंड साइंस एसो के अध्यक्ष व सचिव बने डॉ विजय

**पटना.** सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत 'द इंडियन मैथमेटिक्स एंड साइंस एसोसिएशन' का पंजीकरण किया गया है. पंजीकरण संख्या S000234 (वर्ष 2025-26) भारतीय स्तर पर स्वीकृत है व इसका मुख्यालय पटना में स्थित है. संस्था की आधिकारिक वेबसाइट – www.imsaindia.org है. समिति के अध्यक्ष पूर्व कुलपति प्रो केसी सिन्हा ने बताया कि आइएमएसए देशभर में विद्यालयों और महाविद्यालयों में गणित व विज्ञान विषयों के उन्नयन के लिए शैक्षणिक एवं अनुसंधानपरक गतिविधियां आयोजित करेगा. समिति के सचिव डॉ विजय कुमार ने कहा कि इस मंच के माध्यम से विद्यार्थियों व शिक्षकों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गणितज्ञों और वैज्ञानिकों से संवाद एवं सहयोग का अवसर मिलेगा. पदाधिकारियों में प्रो एसके पांडे (आइआइटी वाराणसी), प्रो डीएन शर्मा (पूर्व प्रोफेसर, पटना विश्वविद्यालय), प्रो परमेंद्र रंजन (प्राचार्य, नारायण कॉलेज, सिवान) आदि शामिल हैं. वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में पद्मश्री प्रो एचसी वर्मा (आइआइटी कानपुर), प्रो दशरथ सिंह (आइआइटी बॉम्बे), एस खरे (इंडियन मैथमेटिकल सोसायटी), प्रो रंजीत कुमार वर्मा (इंडियन साइंस कांग्रेस) सहित देश-विदेश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और शिक्षाविद सम्मिलित हैं.

हुए बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने इस पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन हमारी धरोहर को जीवित रखते हैं। मौके पर डीन डॉ. जेके प्रसाद व शिक्षकगण आदि थे।

अशोक ने बताया कि उन्हें अंग्रेजी विषय में कई प्रश्नों ने उलझाए रखा।

# आईएमएसए पंजीकृत हुआ, प्रतिभा खोज परीक्षा होगी

**पटना**। द इंडियन मैथमेटिक्स एंड साइंस एसोसिएशन (आईएमएसए) का पंजीकरण सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत किया गया है। अब इसके जरिये राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान और गणित में प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित होगी।

राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और अनुसंधान कार्य को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अलावा शोध पत्रिका के प्रकाशन आदि में भी बढ़ावा मिलेगा। पहले ये सभी कार्य एक सीमित दायरे तक ही हो पाते थे। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. केसी. सिन्हा, पूर्व कुलपति, नालंदा खुला विश्वविद्यालय ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह संस्था अखिल भारतीय स्तर पर गणित और विज्ञान के उन्नयन के लिए विद्यालय तथा महाविद्यालय स्तर पर विविध शैक्षणिक एवं अनुसंधानपरक गतिविधियां आयोजित करेगी। सचिव डॉ. विजय कुमार ने कहा कि इस मंच के माध्यम से वैज्ञानिकों से सीखने और विमर्श करने का अवसर प्राप्त होगा।

# मैथमैटिक्स एसो. के अध्यक्ष बने प्रो. सिन्हा

जासं, पटना : द इंडियन मैथमैटिक्स एंड साइंस एसोसिएशन के अध्यक्ष नालंदा खुला विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. केसी सिन्हा बने हैं। इसके सचिव कालेज आफ कामर्स आर्ट्स एंड साइंस के प्राध्यापक डा. विजय कुमार होंगे। प्रो. केसी सिन्हा ने बताया कि प्रख्यात गणितज्ञों से सीखने का मौका मिलेगा। प्रो. एसके पांडे उपाध्यक्ष, प्रो. डीएन शर्मा कोषाध्यक्ष, नारायण कालेज, सिवान के प्राचार्य प्रो. परमेंद्र रंजन संयुक्त सचिव बनाए गए हैं।